### एक नजर में

## तनिष्क ने जेईई मेंस मे प्राप्त किए 97 .3 पर्सेंटाईल



**देवास।** बोर्ड परीक्षा हो या प्रतियोगी परीक्षा सीजी ट्यूटोरियल्स के विद्यार्थियों ने हर वर्ष श्रेष्ठ परिणाम दिया हैं। इस वर्ष जनवरी माह में हुई प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स मे सीजी के विद्यार्थी तनिष्क पाठक ने 97 .3 पर्सेंटाईल प्राप्त किए व सीजी के ही दक्ष गुप्ता ने 95 पर्सेंटाईल स्कोर किया। शहर में ए बी रोड पर स्थित शिक्षण संस्थान पिछले 18 वर्षों से बोर्ड के साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु जानी जाती है। वर्ष 2025 में संस्थान के 8 विद्यार्थियों ने नीट क्वालीफाई की व सीजी के विद्यार्थी गीतांश गुप्ता ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई की। कोरोना काल में भी इस संस्था के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुवे ये सिद्ध किया कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। संस्था के संचालक आशीष गुप्ता का यही मानना है कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अलावा अन्य व्यवहारिक व व्यवसायिक ज्ञान भी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए।

## कमलेश शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



**बागली।** बागली अभिभाषक संघ में 173 अधिवक्ता मतदाता सूची में शामिल है। अभी तक हुए अध्यक्ष चयन में पहली बार निर्विरोध अध्यक्ष चयन फैसला बागली अभिभाषक संघ की एकता का प्रतीक बताया जा रहा है। अभिभाषक संघ बागली के निर्वाचन में युवा प्रतिभाशाली अधिवक्ता कमलेश शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में चयनित किए गए उनके अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र ईनाणी प्रवीण चौधरी सूर्य प्रकाश गुप्ता गोविंद यादव देवेंद्र गोस्वामी अरुण जायसवाल मुकेश गुर्जर कमल पाटीदार प्रभु लाल डोडवे महेंद्र पाटीदार चंदन नटेरिया कपिल यादव दीपक जोशी कुनाल चौधरी मयंक गुप्ता अखिलेश मंडलोई सहित सभी अधिवक्ताओं ने बधाई देते हुए अध्यक्ष के पिताजी समाज सेवी बालकृष्ण शर्मा का भी स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश शर्मा ने बताया कि उन्हें सभी का एकमत से आशीर्वाद मिला है यह उनके लिए बहुत गौरव की बात है।

## बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे धारा जी घाट



**बागली।** मंगलवार को फाल्गुन अमावस्या अवसर पर देवास जिले के अंतिम छोर पर स्थित धारा जी घाट पर एक दिन पूर्व से श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई मंगलवार प्रात: 4 बजे से श्रद्धालुओं ने धारा जी घाट पर स्नान शुरू कर दिया इस स्नान पर्व पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ मालवा एवं निमाड़ क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आए धारा जी तट पर पातालपुरी बाबा द्वारा अपने भक्तों के सहयोग से भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इसी दौरान नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ-साथ छोटे-छोटे बालक बालिकाओं को सनातन विचार मंच संस्था पिपरी द्वारा भी भोजन करवाया गया आयोजन समिति ने बताया कि यह सब गुप्त दानदाता द्वारा दिए गए दान से संभव हो सका दूसरी ओर सीता माता मंदिर परिसर में भी मनोकामना पूर्ण होने पर पांच से अधिक श्रद्धालुओं ने तुला दान किया सोमवार को पिपरी से धारा जी के मध्य 20 से 25 मिनट तक वाहनों के फसने से जाम जैसी स्थिति बन गई स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने बताया कि पिपरी से धारा जी तक का मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सिंगल मार्ग होने की वजह से वाहनों को आमने-सामने से निकलने में बहुत परेशानी होती है। लेकिन श्रद्धालुओं की बड़ी हुई उपस्थित स्पष्ट बता रही है। कि खराब मार्ग उनकी आस्था के आगे अवरोध नहीं बन रहा है। सनातन सेवा समिति पिपरी से जुड़े गिरधर गुप्ता ने बताया कि पिपरी स्थित अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिक्रमा वासी आ रहे हैं। जिसमें अधिकतर संख्या पैदल परिक्रमा वासियों की रहती है। वह भी खराब मार्ग का विवरण सभी दूर बता रहे हैं जिससे बागली विधानसभा क्षेत्र की बदनामी होती है प्रशासन को चाहिए कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मार्ग को जरूर सुधारे जटाशंकर सेवा समिति की ओर से प्रति अमावस्या के अनुसार इस अमावस्या पर भी बाल भोग पोहे जलेबी की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की।

## कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा-2026 के लिए बनाये गये परीक्षा केंद्र नारायण विद्या मंदिर नं. 1 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने परीक्षा केन्द्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सभी क्लास रूमों में जाकर अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमित्ता या कोई शिक़ायत आने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में परीक्षा के लिए बनाये गये केन्द्रों पर निर्विघ्न तथा शांतिपूर्वक परीक्षाओं के संचालन के संबंध में निर्देश भी दिये। उल्लेखनीय है कि जिले में परीक्षाओं के दौरान कानून व्यवस्था, परीक्षा की पवित्रता एवं विश्वसनियता बनायें रखने तथा निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने, नकल इत्यादि रोकने के लिए परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए बनाये गये उड़न दस्ते द्वारा भी जिले में लगातार औचक निरीक्षण किया गया। जिले में परीक्षाओं के सुगम एवं सफल संचालन के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किये गये है।

# मारपीट के बाद युवक की मौत,वन अमले पर गंभीर आरोप

**एक महीने बाद युवक की मौत परिजनों ने कांटाफोड़ थाने में दिया आवेदन**




**देवास/ लोहारदा।** जिनवानी रेंज बधावा एवं बोरानी के वन अमले द्वारा 13 जनवरी को 11 नग सागवान लकड़ी ले जा रहे एक लोडिंग वाहन के पकड़े जाने के बाद अब मामला गंभीर विवाद में बदल गया है। वाहन चालक लोहारदा निवासी अंकित उइके की 12 फरवरी को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि वाहन पकड़े जाने के बाद वन अमले ने अंकित के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसके कारण वह पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती था। सोमवार देर शाम आक्रोशित परिजन, नगर के आदिवासी समाज के लोग एवं बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष कांटाफोड़ थाने पहुँचे और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध जांच कर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन सौंपा।

### मारपीट का अधिकार नहीं

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यदि वन विभाग अवैध सागवान परिवहन के मामले में वाहन पकड़ता है तो उसे वाहन जब्त करने का अधिकार लकड़ी जब्त करने का अधिकार ड्राइवर/ मालिक से पूछताछ आवश्यक होने पर वैधानिक गिरफ्तारी संबंधित कानून के तहत प्रकरण दर्ज करने का अधिकार मिलता है। राज्य वन अधिनियम वन अपराधों पर कार्रवाई की अनुमति देते हैं, लेकिन शारीरिक मारपीट, यातना या अवैध दबाव की अनुमति नहीं देते। ऐसे में कथित गंभीर मारपीट के आरोप वन अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं।

### अवैध कारोबार की चर्चा

सूत्रों के अनुसार लोहारदा, नयापुरा, चंदकेशर डेम, कांटाफोड़, जिनवानी एवं पानीगांव रेंज के जंगलों से लंबे समय से लकड़ी की कालाबाजारी की खबरें आती रही हैं। आरोप है कि कुछ लोग भोले-भाले आदिवासी युवकों को पैसों का लालच देकर अवैध परिवहन में इस्तेमाल करते हैं, जबकि असली कारोबारी पीछे रहकर लाभ कमाते हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि इतना बड़ा अवैध कारोबार फल-फूल रहा था तो वन विभाग को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी।

### श्रेय लेने पर भी सवाल

सूत्रों के अनुसार 13 जनवरी की उक्त कार्रवाई का श्रेय जिनवानी रेंज अधिकारी तन्मय कुलश्रेष्ठ एवं डिप्टी रेंजर नंदराम गोस्वामी द्वारा लिया गया था। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जब वाहन पकड़ने की कार्रवाई का सार्वजनिक रूप से श्रेय लिया गया था, तो अब घटना के बाद सामने आए गंभीर आरोपों की जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया भी उतनी ही पारदर्शी होनी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि कार्रवाई विधिसम्मत और मानक प्रक्रिया के अनुरूप थी, तो पूरी घटनाक्रम की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए— जिसमें गिरफ्तारी की स्थिति, मेडिकल परीक्षण, पंचनामा एवं अन्य दस्तावेज शामिल हों घटना के बाद जिनवानी रेंज अधिकारी का तबादला हो गया था फिलहाल चर्चा जो भी हो पर सच्चाई यह है की एक आदिवासी परिवार ने अपना जवान बेटा खोया है। इस लिए नगर के आदिवासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। ओर लोगो को आगे की कार्यवाही का इंतजार है।

### आंदोलन की चेतावनी

परिजनों ने स्पष्ट कहा है कि यदि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासनिक जांच और एफआईआर दर्ज होने की मांग तेज हो गई है। और सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

### मेरा बेटा सिर्फ ड्राइवर था- मां का आरोप

मृतक की माता सोदरा बाई उइके ने आरोप लगाया कि उनका पुत्र केवल वाहन चलाता था और उसे कथित अवैध कारोबार की जानकारी नहीं थी। उनका कहना है कि मुख्य आरोपियों को नहीं पकड़ा गया, केवल मेरे बेटे को पकड़कर लगभग 17 वनकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की उसके हाथ बांध दिए और पीछे से बल्लम से मारा। उसके गुप्तांग की नली फट गई। उसके साथ ऐसा व्यवहार किया गया जो बड़े अपराधियों के साथ भी नहीं होता। परिजनों के अनुसार वाहन में लदी लकड़ी किसी ओर की थी सूत्रों के अनुसार लोहारदा के एक मुस्लिम युवक तथा रुपालीपूरा के दो युवक का भी नाम सामने आ रहा है। इलाज के दौरान अंकित के कमर से नीचे का हिस्सा काम करना बंद हो गया था। एक महीने तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 12 फरवरी को उसकी मृत्यु हो गई। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में आक्रोश और संदेह को जन्म दिया है।

# एडीएमपी का पदग्रहण समारोह संपन्न



**डॉ.देवकर अध्यक्ष एवं डॉ. आनंद एवं डॉ. कोठारी सचिव**

**देवास।** एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स का पदग्रहण समारोह शहर के एडिशनल एस.पी. जयवीरसिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस. दुबे ने बताया कि मुख्य अतिथि श्री भदौरिया का स्वागत अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी एवं डॉ. अनुराधा देवकर व डॉ. के.सी.कोठारी ने किया। डॉ. मुग्धा कुलकर्णी व डॉ. अनुराधा देवकर का सम्मान डॉ. अंजुम गजधर एवं डॉ. आशा लाड ने किया। डॉ. कुलकर्णी ने शब्दों से स्वागत करते हुए कार्यकाल की उपलब्धियां बताई व सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल में भाग लेने वाले सदस्यों एवं बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया। सचिव डॉ. वरूण आनंद ने गत वर्ष के कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अनुराधा देवकर को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर अपना कार्यभार सौंपा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. देवकर ने सभी का अभिवादन करते हुए संक्षिप्त में संस्था की जानकारी दी व वर्ष 2026 की कार्यकारिणी का परिचय करवाते हुए इस वर्ष होने वाले प्रकल्पों के बारे में अतिथि व समस्त सदस्यों को बताते हुए कहा कि हम सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा समाज व चिकित्सकों के हित में कुछ ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता देंगें। मुख्य अतिथि श्री भदौरिया ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यो की प्रशंसा करते हुए नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं व बधाई दी व अपने विभाग की और से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संस्था की और से मुख्य अतिथि श्री भदौरिया को संस्था की और से डॉ. आर.एस. दुबे ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. श्रीवास्तव, डॉ.प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. इंदरजीतसिंह अरोरा, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. मजहर शेख, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. सुलभा रानी, डॉ. पुनीत माहेश्वरी, डॉ. प्राची माहेश्वरी, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, डॉ. सुनील लाड़, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. नितिन डोर, डॉ. शाम्भवी देवकर, डॉ. नेहा आनंद, डॉ. हरमितसिंह सलूजा, डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे, डॉ. प्रसन्ना कुलकर्णी, डॉ. अमितसिंह भाटी, डॉ. अशोक सेंधव आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. वरूण आनंद ने किया तथा आभार डॉ. सीमा कोठारी ने माना।

## गलत इलाज के कारण पीड़ित का पैर काटना पड़ा



**टोंक खुर्द।** डॉ, के गलत इलाज के कारण पीड़ित मरीज महिला का पैर काटना पड़ा कोर्ट ने डॉ, को 10 लाख क्षतिपूर्ति पीड़ित महिला को दिलाए जाने का आदेश दिया। मोहन बाई नामक महिला वर्ष 2019 में ग्राम विक्रम नगर मौलाना के झोला छाप डॉ,तरुण जाट के पास इलाज करवाने गयी थी डॉ,ने गलत इलाज दिया जिसके बाद पीड़िता महिला का बाद मे पैर कटना पड़ा पीड़िता ने डॉ,तरुण जाट के विरुद्ध उपभोक्ता विवाद कोर्ट उज्जैन में अपने वकील एडवोकेट सचिन तेंगुरिया के द्वारा परिवाद प्रस्तुत न्यायालय उज्जैन में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उपभोक्ता विवाद कोर्ट उज्जैन के द्वारा प्रकरण में डॉ, तरुण जाट को लापरवाही का दोषी पाते हुए पीडिता को दस लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप मे दिलाए जाने का आदेश दिया है।

# जिस दिन वसूली नही तो उस दिन का वेतन नही : आयुक्त

**देवास।** निगम राजस्व करों से अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन आहरण के साथ निगम के द्वारा शहर मे दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति की जाती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त दलीप कुमार ने संपत्तिकर की बकाया राशि वसुली को लेकर वार्डवार दिये गये वसुली के लक्ष्य की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान वार्ड 1, 17, 18, 23, 24, 29, 36, 37, 39 के वसुलीकर्ताओं द्वारा दिये गये लक्ष्य अनुरूप वसुली नही करने तथा साप्ताहिक वसुली लक्ष्य में प्रगति नहीं होने पर वार्ड के नाकेदारों को चेतावनी देते हुए कार्य मे प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। वहीं आयुक्त ने उपायुक्त राजस्व को प्रतिदिन वसुली की लक्ष्य पूर्ति हो को लेकर दोपहर पश्चात भी वसुलीकर्ताओं से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट लिये जाने हेतु कहा। प्रगति रिपोर्ट में जिस दिवस वसुली नहीं होगी तो उस दिवस का वेतन आहरण नही किये जाने की चेतावनी दी।

### लक्ष्य अनुरूप वसुली नही करने पर सेवा समाप्त की चेतावनी

इसी प्रकार जलकर वसुली में भी वार्डवार वसुली लक्ष्य की आयुक्त ने समीक्षा करते हुए वार्ड 17, 21, 24, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 36, 39 एवं 40 के वार्ड वसुलीकर्ताओं को सख्त लहजे मे चेतावनी देते हुए वार्ड 21, 24, 28, 29, 30, 36 एवं 40 के वसुलीकताओं के 1 एवं 2 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। वही वार्ड 31, 32, 33 एवं 39 के वसुलीकर्ताओ के द्वारा वसुली कार्य पर उपस्थित नही होने से वसुली प्रभावित होने पर उनकी सेवा समाप्त करने के निर्देश दिये। वहीं वार्ड 20 के वसुलीकर्ता के द्वारा लक्ष्यानुरूप वसुली करने पर आयुक्त ने प्रशंसा भी की।

जिन वार्डो से जलकर बकायादारों द्वारा जलकर की राशि नही दी जा रही है उन वार्डो में नल कनेक्शन विच्छेद तथा अर्थदण्ड की कार्रवाई की जाने के निर्देश आयुक्त ने दिये।

कचरा संग्रहण शुल्क वसुली को लेकर वसुलीकर्ता आदित्य कुशवाह, अजय राठौर, चन्द्रपालसिह, चेतक चौहान, दिलीप तापकीर एवं प्रफुल्ल बाली को लक्ष्य अनुरूप प्रतिदिन कचरा संग्रहण शुल्क की वसुली नही की जाती है तो चेतावनी देते हुए सेवा समाप्त करने हेतु कहा साथ ही प्रतिदिन सायं 6 बजे कचरा संग्रहण शुल्क वसुली की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को दिये जाने हेतु कहा।

# जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों को कलेक्टर की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया



**देवास।** देवास जिले में जनगणना कार्य के लिए चार्ज ऑफिसरों को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर संजीव जैन, डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय, जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश से विशेष रूप से उपसंचालक राजेश मौर्य, संदीप घोरे तथा सोनिका गर्ग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि इस पूरे कार्य में डिजिटल दक्षता अत्यंत आवश्यक है तथा समस्त कार्य डिजिटल माध्यम से ही किए जायेंगे, इसलिए सभी अच्छे से प्रशिक्षण लें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाउस लिस्टिंग के दौरान कोई भी मकान, भवन या ढांचा छूटना नहीं चाहिए। एचएलओ में केवल सामान्य परिवार तथा संस्थागत परिवार को ही शामिल किया जाएगा। प्रत्येक भवन/जनगणना मकान को क्रम से नम्बरिंग प्रदान की जाएगी। जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश से विशेष रूप से उपसंचालक राजेश मौर्य, संदीप घोरे तथा सोनिका गर्ग द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में चार्ज ऑफिसरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना का यह प्रशिक्षण चार दिवसीय होगा। जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा। यह कार्य पूर्णत: एचएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, ऐप का उपयोग एवं संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना में स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध है, जिसमें उत्तरदाता स्वयं परिवार के लिए जनरेट होने वाले विशेष वेब पोर्टल पर अपना जनगणना फॉर्म भर सकता है। इस दौरान बताया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी/ प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 में रचा इतिहास



**देवास।** द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया है। अपने प्रथम वर्ष में ही संस्थान के अब तक प्राप्त परिणामों में 7 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं पिछले वर्ष के कट-ऑफ को देखते हुए 12 से अधिक छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया, जो कुल विद्यार्थियों का 60 प्रतिशत से अधिक है।

संस्थान के निदेशक नवीन शर्मा ने बताया कि नियमित टेस्ट सीरीज़, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, व्यक्तिगत डाउट सॉल्विंग तथा अनुशासित अध्ययन पद्धति के कारण यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परिणाम देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत की आदत विकसित करना भी है। साथ ही देवास में ऐसी शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

## खेलो इंडिया ट्राईबल में सृष्टि ने जीता गोल्ड



**देवास।** किंडर स्कूल की छात्रा सृष्टि वर्मा ने चंडीगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम 2026 के फर्स्ट एडिशन में 50 मीटर बटरफ्लाई में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। सृष्टि ने अपनी एज केटेगिरी में शानदार प्रदर्शन किया, विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। किंडर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत वर्मा ने सृष्टि को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके मेहनत और लगन का परिणाम है। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी सृष्टि को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**एक नजर** ग्राम रातातलाई में आयोजित सत्संग समारोह में सतपाल महाराज की शिष्या ने दिया आध्यात्मिक संदेश

## ध्यान व उपासना के माध्यम से ही आत्मानंद को प्राप्त किया जा सकता है :रेणुका जी




**देवास।** हमारे ऋषियों ने ध्यान को ईश्वर से जुड़ने का परम साधन माना है। एकाग्रचित ध्यान के माध्यम से की गई ईश्वर की उपासना से आत्मा को अलौकिक एवं आनंद रूपी भोजन की प्राप्ति होती है। मनुष्य संसार में आकर इस भौतिक शरीर को प्राप्त करके केवल इसी की सजावट एवं संवर्धन में लगा रहता है और नाना प्रकार के व्यंजनों से शरीर को तृप्त करने में लगा रहता है, परंतु शरीर के भीतर विद्यमान आत्म तत्व के भोजन से वह सदैव ही अनभिज्ञ ही रहता है। उक्त आत्म कल्याणकारी सत्संग विचार ग्राम रातातलाई में मानव उत्थान सेवा समिति के सक्रिय कार्यकर्ता ज्ञान सिंह चौहान के नव गृह प्रवेश के अवसर पर आयोजित सत्संग समारोह में श्री सतपाल महाराज की शिष्या रेणुका बाई जी ने व्यक्त करते हुए कहा उपासना रूपी आध्यात्मिक संपत्ति से ही आत्मा के भोजन का प्रबंध होता है। तीनों लोकों की संपत्ति में भी आत्मा के भोजन का प्रबंध करने की क्षमता नहीं है। वैदिक ग्रंथों का स्वाध्याय करके, ध्यान एवं उपासना के पथ पर अग्रसर होकर ही हम इस आत्मा को आनंद से परिपूर्ण तृप्ति प्रदान कर सकते हैं। बड़ी संख्या में उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए संत श्री ने आगे कहा ज्ञान के माध्यम से ईश्वर के आनंद की अनुभूति ही जीवात्मा का वास्तविक भोजन है। इसी दिव्य भोजन से आत्मा के अंदर आध्यात्मिक एवं साधना के पथ पर ले जाने वाली विभूतियों का उदय होता है।

शरीर के भोजन के प्रबंध के साथ-साथ हमें आत्मा के भोजन का भी प्रबंध करना चाहिए। बिना इस दिव्य भोजन के आत्मा निर्बल,असक्त, ज्ञानहीन होकर ईश्वर के सानिध्य से सदैव वंचित रहता है।